Tender Form Rate 1000/-

# TENDER DOCUMENT
## निविदा दस्तावेज

# FOR THE WORK
## कार्य हेतु

**विभागीय भवन निर्माण सामग्री हेतु निविदा आमंत्रण क्रमांक 16**

**कार्यालय,**

**वनमण्डलाधिकारी, सामान्य वनमण्डल डिण्डौरी (म.प्र.)**

एनेक्सर 1

# कार्यालय सामान्य वनमण्डल डिण्डौरी

E-Mail Address :-> dfotddori@mp.gov.in Phone :-> 07644-234400

## // ई–निविदा सूचना नं. 16//

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य वनमण्डल डिण्डौरी अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 में स्वीकृत/प्रस्तावित विभिन्न निर्माण/विभागीय गतिविधियों से संबधित कार्यों हेतु निम्नानुसार दर्शित आवश्यक निर्माण तथा अन्य सामग्री के क्रय हेतु उल्लेखित शर्तों के अधीन ई–निविदा आंमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म का मूल्य 500/– रूपये है। निविदाएं मध्यप्रदेश शासन की साइट www.mptender.gov.in/ एवं www.mpforest.gov.in/ पर देखी जा सकती हैं । निविदा पूर्णतः आनलाइन प्राप्त तथा प्रस्तुत की जावेंगी। ऑफलाइन/भौतिक निविदा मान्य नंही होगी। निविदा में निविदा की प्रतिभूति की **राशि रू. 50000/–** ऑनलाइन जमा की जावेगी।

| क्र. | सामग्री का नाम | दर ईकाई | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | कोटा स्टोन साइज 7x2 फीट मानक मोटाई में | Per Square Foot | 50,000/– |
| 2 | Concrete Paver Block 3 inch thick फ्लोर टाईल्स मोटाई 9–10 एम. एम. | Per Square Foot | |

वनमण्डलाधिकारी
सामान्य वनमण्डल डिण्डौरी

एनेक्सर 2

# कार्यालय सामान्य वनमण्डल डिण्डौरी

E-Mail Address :-> dfotddori@mp.gov.in Phone :-> 07644-234400

## // वर्ष 2024–25 में आमत्रिंत निविदा स्वीकृति हेतु प्रस्तावित प्रक्रिया //

1. निविदाएं मध्यप्रदेश शासन की साइट www.mptender.gov.in एवं www.mpforest.gov.in पर देखी जा सकती हैं
2. उपरोक्त निविदाएं सामान्य वनमण्डल डिण्डौरी के अंतर्गत डिण्डौरी जिले के कार्यक्षेत्र में सामग्री प्रदाय हेतु आमंत्रित की जा रही हैं ।
3. निविदाएं मध्यप्रदेश शासन की साइट www.mptender.gov.in पर आनलाइन पद्धति से प्रस्तुत की जावेंगी । निविदा में किसी प्रकार के संशोधन की जानकारी उपरोक्त दोनो वेबसाइट पर ही दी जावेगी।
4. निविदा प्रस्ताव हेतु विवरण निम्नानुसार है :–

| गतिविधि | गतिविधि दिनांक |
|---|---|
| निविदा प्रकाशन | दिनांक 12.12.2024 समय 10.00 एएम |
| निविदा प्रांरभ तिथि | दिनांक 12.12.2024 समय 10.30 एएम |
| ऑनलाईन बिड प्रस्तुतीकरण | दिनांक 12.12.2024 समय 10.30 एएम |
| ऑनलाईन बिड समाप्ति | दिनांक 01.01.2025 समय 06.00 पीएम |
| तकनीकी बिड का खोलना/अवलोकन | दिनांक 03.01.2025 समय 12.00 पीएम |

**टीप** :–1. यदि वित्तीय्र बिड किन्ही अपरिहार्य कारणों से नियत तिथी को खोली नंही गई तो आगामी कार्य दिवस में दोपहर 4 बजे खोली जावेंगी।

### निविदा समाशोधन की प्रक्रिया निम्नानुसार है:–

5 प्रक्रिया 1:– निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि रू. 500.00 (रूपये पांच सौ मात्र) है तथा निविदा की प्रतिभूति निधि की राशि **50000/– (रू. पचास हजार मात्र)** इन्हे ऑन लाइन जमा किया जाना है जमा की रसीदें एम.पी.टेण्डर की बेबसाइट पर अपलोड किया जाना है ।

6 प्रक्रिया 2:– प्रक्रिया 1 में पात्र पायी गई फर्म को ही निविदा के अगले चरण में अवलोकन हेतु लिया जावेगा। इस चरण में फर्म द्वारा प्रपत्र अनुसार अपलोड किये गये विभिन्न दस्तावेज का अवलोकन किया जावेगा।

7 प्रक्रिया 3:– प्रक्रिया 2 में पात्र पाई गई फर्मो की ही वित्तीय निविदा अवलोकन हेतु खोली जावेगी।

8. निविदा में सफल निविदाकार को अनुबंध अनुसार प्रथक से धरोहर राशि रू. **50000/–(Performing security deposite) का जून 2025** तक की काल अवधि का एफ.डी.आर. अनुबंध संपादन के साथ सात दिवस में इस कार्यालय में जमा किया जावेगा। जमा करने में असफल रहने पर निविदा निरस्त मानी जावेगी।

9. सफल निविदाकार को एनेक्सर 6 अनुसार शर्तो के साथ राशि 1000/– रूपये के अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर करना होगा। अनुबंध की शर्तो का उल्लंघन करने पर बैंक गारंटी सुरक्षा निधि जप्त की जा सकेगी।

वनमण्डलाधिकारी
सामान्य वनमण्डल डिण्डौरी

एनेक्सर 3

# कार्यालय सामान्य वनमण्डल डिण्डौरी

E-Mail Address :-> dfotddori@mp.gov.in Phone :-> 07644-234400

**तकनीकी निविदा हेतु आवश्यक अभिलेख** :-

1. प्रदायकर्ता फर्म द्वारा विगत 02 वर्षो में शासकीय संस्थान को सामग्री प्रदाय किये जाने से संबधित प्रदाय आदेश की छाया प्रति अथवा प्रमाण पत्र।
2. निविदा में भाग लेने वाली फर्म किसी भी शासकीय संस्था से ब्लेक लिस्ट नहीं होनी चाहिए इस बावत् निविदाकर्ता फर्म को निर्धारित प्रपत्र में 100/- स्टाम्प के साथ शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
3. निविदाकार को उसकी फर्म का विगत दो वर्षों का आयकर विवरणी प्रत्रक एवं विगत् 02 वर्षो का जी.एस.टी. रिटर्न, की छायाप्रति अपलोड करना अनिवार्य होगा।
4. जी.एस.टी. पंजीयन, प्रोप्राईटर का आधार कार्ड, पेनकार्ड की (स्केन प्रति)
5. निविदा दर निर्धारित फार्म BOQ में फर्म के जीएसटी नंबर दर्शाते हुये प्रस्तुत की जावेगी।
6. निविदा क्रय हेतु निविदा प्रपत्र का कीमत 500/- (प्रोसेसिंग फीस) तथा निविदा की प्रतिभूति की राशि **50000/-** ऑनलाईन सामान्य वनमण्डल डिण्डौरी के पक्ष में जमा कर पावती/चालान की स्केन प्रति एमपी टेंडर पोर्टल पर अपलॉड किया जाना है।
7. सामग्री का सेम्पल ऑनलाईन बिड समाप्ति के 01 दिन पूर्व तक कार्यालय में प्रस्तुत किया जावेगा तथा सेम्पल जमा करने की रसीद निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा। प्रदाय सामग्री का सेम्पल का परीक्षण क्रय समिति द्वारा किये जाने के उपरांत ही तकनीकी/वित्त निविदा में निविदाकार को लिया जावेगा।
8. निविदा आन लाइन ही स्वीकार्य होगी । भौतिक निविदा मान्य नही की जावेगी ।
9. बी.ओ.क्यू. में प्रत्येक सामग्री लोडिंग अनलोडिंग परिवहन आदि व्यय सहित प्रस्तावित की जावेगी दरों में जी.एस.टी. (कर) की राशि समाहित होगी ।
10. प्रत्येक अभिलेख को निविदाकार द्वारा फर्म की मुद्रा के साथ स्वयं सत्यापित किया जावेगा।
11. शर्ते के वांछित अभिलेख के अलावा अन्य कोई अतिरिक्त दस्तावेज न लगाये जाये। साथ ही लगाये गये अभिलेखों की एक प्रति इस कार्यालय में भी भेजा जावे । असुविधा की स्थिति उत्पन्न होने पर निविदाकार की निविदा निरस्त की जा सकती है।

वनमण्डलाधिकारी<br>
सामान्य वनमण्डल डिण्डौरी

## एनेक्सर 4

**निविदाकार फर्म से संबधित जानकारी :–**

उपरोक्त विषयानुक्रम में हमारी संस्था की जानकारी निम्नानुसार है :–

| क. | शीर्षक | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | फर्म का नाम | |
| 2 | फर्म का जी.एस.टी. नं. | |
| 3 | फर्म का वार्षिक टर्नओवर | |
| 4 | पत्र व्यव्हार का पता | |
| 5 | पत्र व्यव्हार के लिए ई–मेल आई.डी. | |
| 6 | फर्म के प्रतिनिधि का नाम | |
| 7 | पदनाम | |
| 8 | दूरभाष नं | |
| 9 | मोबाइल एवं व्हाट्स नंबर | |

**प्रमाण पत्र**

प्रमाणित किया जाता है कि हमारी फर्म द्वारा निविदा पत्रक में दर्शित समस्त बिन्दुओ/निर्देशों का गंभीरता पूर्वक अवलोकन किया गया है। समस्त शर्तो के अवलोकन उपरांत हमारी फर्म ई–निविदा में दर्शित सामग्री क्रय के प्रस्ताव पर आगामी 12 माह में फर्म हेतु स्वीकृत दरों पर सामग्री प्रदाय हेतु अपनी पूर्ण सहमति व्यक्त करती है।

स्थान–

दिनांक–

फर्म के प्रो./अधिकृत हस्ताक्षर

फर्म की मुद्रा

**एनेक्सर 5**

**//प्रारूप 1 //**

**(निविदा पत्रक के एनेक्सर 2 के बिन्दु कमांक 2 के अनुसार)**

**(रू. 100 के गैर न्यायिक स्टांप पेपर पर नोटरी से सत्यापित)**

**शपथ पत्र**

मै.......................................................................... प्रोपराइटर/मेसर्स. पिता ....................................
............................ निवासी ........................................................................... शपथपूर्वक निम्नाकिंत कथन करता हूँ कि

1. मेंरे द्वारा निविदा पत्रक का भली भांति अवलोकन किया गया है ।
2. यह कि फर्म को कभी भी दिवालिया घोषित नंही किया गया है ।
3. यह कि विगत 3 वर्ष में (वर्ष 2021.22 से 2023.24) में फर्म को किसी भी शासकीय संस्थान द्वारा काली सूची में नंही डाला गया है ।
4. यह कि इस शपथ पत्र में दी गई जानकारियॉ असत्य पाये जाने पर मेरे निविदा प्रस्ताव निरस्त कर सुरक्षा निधी जप्त करने का अधिकार वनमण्डलाधिकारी, सामान्य वनमण्डल डिण्डौरी को होगा ।
5. यह कि निविदा में प्रस्तुत सभी शर्ते मुझे मान्य हैं निविदा स्वीकृति उपरांत किसी भी शर्त के संबध में कोई विवाद मेरे द्वारा नंही किया जावेगा ।

शपथ ग्रहिता

**सत्यापन**

मैं/हम............................................................... शपथ ग्रहिता सत्यापित करता हूँ कि मेरे द्वारा निष्पादित उक्त शपथ पत्र के बिन्दु कमांक 1 से 5 में वर्णित कथन मेरे द्वारा पूर्ण अवलोकन उपरांत शपथ पूर्वक हस्ताक्षरित किये गये हैं ।

शपथ ग्रहिता

**एनेक्सर 6**

# निविदा की शर्ते/अनुबंध

1 निविदा स्वीकृत हो जाने के पश्चात निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) **सामग्री हेतु 50000/- राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर./बैंक ड्राफ्ट अधोहस्ताक्षरकर्ता के पक्ष में जून 2025 तक** की काल अवधि का एफ.डी.आर. (Performing security deposite) अनुबंध संपादन के साथ सात दिवस में इस कार्यालय में जमा किया जावेगा। जमा करने में असफल रहने पर निविदा निरस्त मानी जावेगी।

2 प्राप्त निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार वनमण्डल अधिकारी के पास सुरक्षित होगा। उस परिस्थिति में जब किसी नियम या शर्तो के संबध में स्थिति अस्पष्ट हो अथवा संशय भ्रम की स्थिति हो निविदा नियमों के किसी संदर्भ के मौजूद होने की स्थिति में भी संबधित बिन्दु की व्याख्या वनमण्डलाधिकारी द्वारा की जावेगी जो कि बंधनकारी होगी। समस्त विवाद का न्यायालयीन क्षेत्र डिण्डौरी रहेगा।

3 किसी भी विवाद की स्थिति में अधोहस्ताक्षरकर्ता का निर्णय मान्य एवं बंधनकारी होगा। निविदाकार भलीभांति टीप कर ही निविदा में भाग लेंगे। निविदा अमान्य करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित होगा।

4 निविदाकार का जी.एस.टी. नंबर ऑन लाईन परीक्षण में जीवित/क्रियाशील प्रदर्शित होना आवश्यक है ।

5 निविदा में स्वीकृत दरें माह **जून 2025** तक अथवा नवीन निविदा होने तक इनमें से जो भी पहले हो के लिये वैध एवं बंधनकारी होगी।

6 सामग्री जिनकी निविदा आमंत्रित की जा रही है कार्य स्वीकृत/अस्वीकृत रहने पर तदानुसार मात्रा में सामग्री का क्रय किया जावेगा।

7 आदेशित स्थल तक पहुंच मार्ग नहीं होने अथवा जर्जर होने की स्थिति में 4 चके के वाहन हेतु सुलभ पहुंच मार्ग तक सामग्री प्रदाय किया जाना बंधनकारी होगा। प्रदाय की जाने वाली सामग्री के लोडिंग अनलोडिंग एवं परिवहन के दौरान कोई भी हानि की सम्पूर्ण जवावदारी संबंधित फर्म की होगी। सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर पहुंचाकर प्रदाय करना होगा।

8 निविदा में दर्शित सामग्री वनमण्डल कार्यालय/परिक्षेत्र कार्यालय के प्रदाय आदेश जारी होने के **15 दिवस** में प्रदाय करना आवश्यक होगा। प्रदाय आदेश में उल्लेखित मात्रा से कम मात्रा में प्रदाय सामग्री भी निविदा की शर्तो के उल्लंघन की श्रेणी होगी।

9 नियत अवधि में सामग्री प्रदाय न किये जाने की स्थिति में अथवा प्रदाय आदेश अनुसार गुणवंत्तापूर्ण मात्रा में प्रदाय न किये जाने की स्थिति में अन्य स्थानीय फर्म से उसी दर अथवा

बाजार दर जो भी उपलब्ध हो पर सामग्री क्रय की जावेगी बाजार दर निविदा दर से अधिक होने पर अंतर की राशि संबंधित निविदाकार के आगामी देयकों से अथवा सामग्री हेतु जमा प्रतिभूति / एफडीआर से वसूली योग्य होगी।

10 सामग्री के भुगतान में करों की कटौती जैसे की शासन द्वारा निहित हो इस कार्यालय द्वारा की जावेगी।

11 निविदा सामग्री के संतोषजनक प्रदाय की स्थिति में निविदाकार के बैंक खाता में ई–भुगतान किया जावेगा।

## निविदाकार के उपयोग हेतु

मैंने निविदा के पूर्व की शर्त क्रंमाक 1 से 11 का अध्ययन भलिभांति किया है तथा मैं दर्शित सभी शर्तों के पालन हेतु बचनबद्ध हूँ। मैं / हम आपके प्रदाय आदेश जारी होने के **15** दिवस में सामग्री प्रदाय करने हेतु सहमत हूँ। सामग्री प्रदाय नहीं किये जाने की स्थिति में हमारे द्वारा प्रस्तुत सुरक्षा निधी की राशि को जप्त करने तथा अन्य फर्म से क्रय करने का अधिकार वनमण्डल अधिकारी को होगा।

स्थान – डिण्डौरी

दिनांक :– ........................

**द्वितीय पक्ष**

हस्ताक्षर निविदाकार –

निविदाकर्ता का नाम –

फर्म का नाम एवं पता –

जी.एस.टी. नं. –

बैंक खाते का विवरण –

खाता संख्या–

बैंक नाम–

आई.एफ.एस.सी. कोड –

दूरभाष नं. –

**प्रथम पक्ष**–

वनमण्डलाधिकारी<br>सामान्य वनमण्डल डिण्डौरी